बरेली, शनिवार
13 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

PAGE IV : BOTTOM

# मैदान में पहुंची यूपी की टीम, अभ्यास सत्र आज

जागरण संवाददाता, बरेली: बीसीसीआई की ओर से जिले में कूच बेहार ट्राफी का आयोजन 16 से 19 दिसंबर तक होगा। चार दिवसीय क्रिकेट मैच में उत्तर प्रदेश बनाम पश्चिम बंगाल के बीच अंडर-14 टीम का मुकाबला होगा। इसके लिए मैदान पर जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, शुक्रवार की देर शाम उत्तर प्रदेश की टीम जिले में पहुंच गई है।

कूच बेहार ट्राफी का आयोजन भोजीपुरा के एसआरएमएस ग्राउंड में प्रस्तावित है। बीसीए के कोच ओपी कोहली ने बताया कि बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर शिव कुमार चौबे दो दिनों से मैदान में डटे हुए हैं। वह मैच के अनुसार पिच को तैयार कर रहे हैं, जिससे यूपी व पश्चिम बंगाल की टीम के खिलाड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए मैदान की मिट्टी, घास की लंबाई, पिच की माप आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करना पिच क्यूरेटर की प्रमुख जिम्मेदारी होती है। हालांकि, इस मैदान पर पहले भी दो बार कूच बेहार ट्राफी का आयोजन किया जा चुका है। इस बार तीसरी बार मैच का आयोजन किया जा रहा है। यूपी की टीम 13 से ही मैच का अभ्यास शुरू कर देगी। वहीं, पश्चिम बंगाल की टीम के खिलाड़ियों के 14 तक पहुंचने की संभावना है।



क्रिकेट मैदान का निरीक्षण करती तकनीकी टीम • सौ. आयोजक

**कूच बेहार ट्राफी के लिए तैयारियां अंतिम चरण में**

**कल तक पहुंच जाएगी पश्चिम बंगाल की टीम भी**

